वाह रे वाह मेरे बाला जी तेरी हवा गगन में घूम रही

वाह रे वाह मेरे बाला जी तेरी हवा गगन में घूम रही,

दूर दूर से दुखिया आते अर्जी और दरखास लगे,
तेरे चरणों को बाबा मेरे दुनिया आके चुम रही,
वाह रे वाह मेरे बाला जी तेरी हवा गगन में घूम रही,

प्रेत राज की चली सवारी भेरो के मन्त्र चाले,
लोट पोट हो रहे है संकट पवन में कैसी झूम रही,
वाह रे वाह मेरे बाला जी तेरी हवा गगन में घूम रही,

बाबा तेरा करके दर्शन मन परसन हो जाता है,
तेरे प्यार में घाटे वाले सारी संगत झूम रही,
वाह रे वाह मेरे बाला जी तेरी हवा गगन में घूम रही,

राज मेहर तेरे भजन बनावे राजू हंस गुण गान करे,
गली गली में तेरे नाम की मची ये कैसी धूम रही,
वाह रे वाह मेरे बाला जी तेरी हवा गगन में घूम रही,

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/13053/title/vaah-re-vaah-mere-bala-ji-teri-hawa-gagan-me-ghum-rahi

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |